म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्र./कृ.प्याज.प्रो.यो./प्याज/03/2019/3970 भोपाल, दिनांक 06 जून, 2019

प्रति

आयुक्त
संचालनालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी,
विंध्याचल भवन भोपाल

विषय :– मुख्यमंत्री प्याज कृषक प्रोत्साहन योजना अंतर्गत अधिसूचित मंडियो में नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाने बाबत्।

संदर्भ :– प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का पत्र क्रमांक 58 दिनांक 30.03.2019 एवं आयुक्त, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग का पत्र क्रमांक 3394 दिनांक 17.05.2019

मुख्यमंत्री प्याज कृषक प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के संदर्भित पत्र दिनांक 30.03.2019 के कंडिका क्रमांक 6.3 के अंतर्गत प्रावधानिक है कि चयनित मंडियों में उद्यानिकी विभाग का एक नोडल अधिकारी योजनावधि में पदस्थ रहेगा जिसके द्वारा प्याज की भौतिक आवक एवं विक्रय संव्यवहारों का पर्यवेक्षण तथा सत्यापन किया जायेगा। साथ ही आयुक्त उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के पत्र क्रमांक 3394 दिनांक 17.05.2019 में उप/सहायक संचालक उद्यान के अधिकारियों के प्याज की भौतिक आवक एवं विक्रय संव्यवहारों का सत्यापन का दायित्व निर्धारित किया गया है।

कृपया प्याज विक्रय हेतु योजना अंतर्गत अधिसूचित मंडियों में नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों के नाम एवं पदनाम (मोबाईल नम्बर सहित) की जानकारी दिनांक 10.06.2018 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे की उपरोक्त जानकारी संबंधित मंडी सचिवों को उपलब्ध कराई जाकर युक्ति–युक्त कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा सकें।

(फैज़ अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्र./कृ.प्रो.यो./प्याज/03/2019/3971 भोपाल, दिनांक 06 जून, 2019

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. प्रमुख सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल।
2. कलेक्टर जिला – .... (समस्त)
3. संयुक्त/उप संचालक,म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,आंचलिक कार्यालय .... (समस्त)
4. भारसाधक अधिकारी/सचिव कृषि उपज मंडी समिति ....जिला..............(समस्त)

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

Scanned by CamScanner